हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025

13 दौलतपुर में तीसरे कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाई ताकत



14 फतेहाबाद की 25,000 महिलाओं को मिलेगा दीनदयाल लाडो...



## खबर संक्षेप

### चोरी की बाइक सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** वाहन चोरी के एक मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अरुण उर्फ कालू पुत्र श्रवण कुमार निवासी सुचान, जिला सिरसा के रूप में हुई है। इस बारे पुलिस ने अजय कुमार पुत्र ज्ञानी राम निवासी गांव भूथन खुर्द, फतेहाबाद की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर धारा 163 के आदेश

**फतेहाबाद।** जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने जिला में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी की 10वीं, 12वीं (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) और डीएलएड प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से संपन्न करवाने व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किये हैं। जिला में 25 सितंबर से 21 अक्टूबर तक हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा 8 परीक्षा केंद्रों में ये परीक्षाएं आयोजित होंगी।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक युवक विकास उर्फ पोंडा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इससे पहले इस मामले में एक अन्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जसपाल सिंह निवासी टोहाना ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि 15 फरवरी 2024 को उसका मोटरसाइकिल सैनी चौक, रेलवे रोड, टोहाना के बाहर से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली थी।

### नशा तस्करी मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना सदर टोहाना पुलिस ने नशा तस्करी से जुड़े एक मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि 5 सितंबर 2022 को अपराध अन्वेषण शाखा टोहाना की टीम ने गश्त के दौरान गांव पिरथला निवासी प्रदीप कुमार उर्फ नैनिया पुत्र राजा राम बिश्नोई को काबू किया था। उसकी तलाशी के दौरान 10 ग्राम हैरोइन बरामद हुई थी। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### हेरोइन तस्करी में मुख्य सप्लायर को दबोचा

**फतेहाबाद।** थाना भट्टूकलां पुलिस ने हेरोइन तस्करी के प्रकरण में मुख्य सप्लायर विकास उर्फ जॉन्दर पुत्र हनुमान निवासी भट्टूकलां को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त और चेकिंग अभियान के दौरान शनि मंदिर, रेलवे स्टेशन रोड, भट्टू कलां में एक संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 5.05 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** एक नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक और नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि एक नाबालिग पीड़िता ने अपने बयान में आरोप लगाया था कि आरोपी गुल्जार पुत्र बलविंद्र निवासी समैण ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, जिससे वह गर्भवती हो गई और बाद में उसने एक बच्ची को जन्म दिया।

## मिलिंग के लिए 86 राइस शेलरों को एजेंसियां अलाट

# फतेहाबाद में आज से शुरू होगी धान की विधिवत खरीद

*मंडी परिसर के बाहर धान डालने वाले आढ़तियों पर होगी कार्रवाई: सचिव*

सुरेन्द्र असीजा ⏭ फतेहाबाद

धान की खरीद के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के पास 86 राइस मिलों ने धान की मिलिंग के लिए अपना पंजीकरण करवाया है। डीपीसी की बैठक के बाद इन मिलों को एजेंसियां भी अलाट कर दी गई हैं। इसमें फूड एंड सप्लाई को 46, हैफेड को 20 व हरियाणा वेयर हाऊस को 20 राइस मिलें अलॉट हुई हैं। प्रदेश सरकार द्वारा परमल धान की सरकारी खरीद शुरू किए 4 दिन हो गए हैं। फतेहाबाद जिला में वीरवार को इक्का-दुक्का मंडियों में ही खरीद की गई। फतेहाबाद की मण्डी में आज शुक्रवार से धान की खरीद विधिवत रूप से शुरू हो जाएगी। आज पहले दिन डीएफएससी खरीद एजेंसी द्वारा परमल धान की खरीद की जाएगी। जिला फतेहाबाद में कुल 3 लाख 21 हजार 941 एकड़ में नान बासमती की फसल की बिजाई हुई है। 37393 एकड़ में बासमती धान लगा हुआ है। इनमें कुल 22518 किसानों ने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाया है। जिले में कुल 7 अनाज मण्डियां व 43 खरीद केन्द्रों पर परमल धान की खरीद की जाएगी। आज से इन किसानों के गेट पास कटने शुरू हो गए हैं। बिना गेट पास के किसान की फसल नहीं बिकेगी। इस बार राइस मिलर्स ने फैसला किया है कि भरी-खाली का खेल नहीं होगा।

**नहीं होगा खाली-भरी ट्राली का खेल : मिलर्स एसोसिएशन**



**फतेहाबाद।** जिले की मण्डियों में आया धान। *फोटो: हरिभूमि*



### जरूरी मशानों का किया प्रबंध

भारी बारिश से इस बार धान का काफी रकबा जलभराव के कारण नष्ट हो चुका है। ऐसे में इस बार परमल की पैदावार में भी कमी आई है, जिससे अनाज मंडियों सरकारी खरीद में कमी आने के आसार हैं। जिला प्रशासन की ओर से धान की सरकारी खरीद शुरू करने को लेकर बारदाना, लेबर और नमी मापने की मशीनें आदि का प्रबंध कर लिया गया, लेकिन वीरवार तक मण्डियों में परमल धान की आवक न आने से खरीद शुरू नहीं हो सकी। किसानों का कहना है कि अभी पूरी तरह परमल धान की कटाई का काम शुरू नहीं हो पाया है।

#### एजेंसियों को अलॉट शैलर

| | |
|---|---|
| ⏭ फूड एंड सप्लाई | 46 |
| ⏭ हैफेड | 20 |
| ⏭ एचएसडब्ल्यूसी | 20 |

#### एजेंसियों को अलॉट खरीद केन्द्र

| | |
|---|---|
| ⏭ डीएफएससी | 33 |
| ⏭ हैफेड | 18 |
| ⏭ एचएसडब्ल्यूसी | 12 |

#### निर्धारित नॉर्म्स के अनुसार से की जा रही खरीदारी

निर्धारित नॉर्म्स के अनुसार आई धान की ढेरियों को खरीदा जा रहा है। इस बार 17 फीसदी नमी और ए ग्रेड धान का एमएसपी 2389 रुपये प्रति क्विंटल है। किसान सूखा कर अपनी फसल मण्डियों में लाएं। शुक्रवार से फतेहाबाद अनाज मण्डी में धान की खरीद शुरू हो जाएगी।

**-विनीत जैन**, डीएफएससी फतेहाबाद

#### स्ट्रीट लाइटों को करवाया दुरूस्त

मण्डियां धान खरीद के लिए तैयार हैं। किसानों के लिए स्वच्छ पेयजल, साफ-सुथरे शौचालयों की व्यवस्था की गई है। अनाज मंडियों में स्ट्रीट लाइटों को दुरूस्त करवा दिया गया है। कोई भी किसान या आढ़ती धान को मण्डियों के अलावा कहीं न उतरवाएं अन्यथा चालान कर दिया जाएगा। मण्डी परिसर के बाहर धान डालने वाले आढ़तियों पर भी कार्रवाई की जा सकती है।

**-यशपाल मेहता**, सचिव मार्किट कमेटी फतेहाबाद

#### माल मंडी में ढेरी होकर पंखा लगाकर ही बिकेगा

वीरवार को फतेहाबाद राईस मिलर्स एसोसिएशन की मीटिंग मार्किट कमेटी सचिव के साथ मार्केट कमेटी में हुई। मीटिंग में यह फैसला हुआ कि अनाज मण्डी में धान की ट्राली खाली भरी कोई भी नहीं बिकेगी। माल मण्डी में ढेरी होकर पंखा लगाकर ही बिकेगा। शुक्रवार से अनाज मण्डी फतेहाबाद में सरकारी खरीद शुरू होगी। शुक्रवार को डीएफएससी खरीद करेगी।

**-बजरंग दास गर्ग**, प्रधान, राइस मिलर्स एसोसिएशन,फतेहाबाद



*शहर में चर्चा : अतिक्रमण अभियान बना सत्ताधारी नेताओं की नाक का सवाल, एक ने रुकवाया तो दूसरे ने करवाया शुरू*

## जोड़ा के दावों को दरकिनारे कर बाजार में उतरी नप टीम

- दुकानों के बाहर रखे को सामान को जबरदस उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा द्वारा दीपावली तक शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान न चलने के दावा वीरवार को बेदम साबित हुआ। बीजेपी जिलाध्यक्ष के दावों के उलट वीरवार शाम को एक बार फिर नगरपरिषद की टीम पूरे लाव-लश्कर के साथ बाजार में उतरी और अतिक्रमण हटाने का काम शुरू कर दिया। नगरपरिषद की टीम ने लाल बत्ती चौक के समीप दुकानों के बाहर रखे को सामान को जबरदस्ती उठाकर ट्राली में डालना शुरू कर दिया। इस दौरान बाहर रखीं साइकलें जब्ज कर ली। साइकिल विक्रेता ने विरोध किया, मगर कर्मियों ने उनकी एक नहीं सुनी और नए सामान को ट्राली में जा फैंका। नगरपरिषद की इस कार्रवाई से दुकानदारों में एक बार फिर रोष फैल गया। इसके बाद शहर में भी चर्चा है कि फतेहाबाद में अफसर बेलगाम हो चुके हैं और उन्हें सत्ताधारी दल के नेताओं की कोई परवाह नहीं है।

#### दावे हुए फेल

बता दें कि बुधवार को ही बीजेपी के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने वीडियो जारी कर दावा किया था कि उनकी अधिकारियों से बात हो चुकी है और अब दिवाली तक शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान नहीं चलेगा। तब तक दुकानदारों को स्वयं ही अतिक्रमण हटाने का समय दिया जाएगा। इसको लेकर जोड़ा ने डीसी डॉ. विवेक भारती के साथ मीटिंग की फोटो भी जारी की थी। वीरवार को दोपहर तक सब कुछ सामान्य था लेकिन शाम होते ही नगरपरिषद के दर्जनों कर्मचारी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर बाजार में उतरे और दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त करना शुरू कर दिया। बार-बार बीजेपी जिलाध्यक्ष हस्तक्षेप करके कुछ देर के लिए मामला शांत करवाते हैं, मगर अधिकारी इसके बाद फिर से अतिक्रमण हटाने पहुंच जाते हैं। पिछले दस दिन से शहर में अतिक्रमण हटाने को लेकर भय का माहौल बना हुआ है। लोगों में चर्चा है कि सत्ताधारी पार्टी के कुछ नेताओं ने इस अभियान को अपनी नाक का सवाल बना लिया है और एक नेता अभियान को रूकवाता है तो दूसरी ओर से इसको लेकर ज्यादा जोर लगा दिया जाता था।

## चोरी के मामले में दो महिलाएं काबू

- बिजली विभाग में की थी मीटर की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

बिजली विभाग के मीटर चोरी करने के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान कमला पत्नी हरिराम व शरीफा देवी पत्नी मलकित निवासी वार्ड नं. 10, रतिया के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता नरेश कुमार पुत्र इन्द्र कुमार, जेई, सब-अर्बन सब डिवीजन (दक्षिण), बिजली निगम रतिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 अगस्त को ड्यूटी समाप्त होने के बाद उन्होंने कार्यालय में बिजली मीटरों का स्टॉक सुरक्षित रखा और कार्यालय को ताला लगाकर चले गए। अगले दिन जब वे कार्यालय पहुंचे तो खिड़की की जाली टूटी हुई मिली। भीतर जाकर देखा गया तो पाया कि कई मीटर गायब थे।



**रतिया।** बिजली मीटर चुराने के मामले में गिरफ्तार महिलाएं। *फोटो: हरिभूमि*

#### मामला दर्ज

इस पर थाना शहर रतिया में 19 अगस्त को धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। मामले में आगे की जांच प्रक्रिया जारी है और आवश्यक साक्ष्यों के आधार पर अन्य संभावित आरोपियों की भी पहचान की जा रही है।

## स्वच्छ भारत अभियान में जुटे नगरवासी

- थाना प्रभारी से लेकर स्कूली बच्चों तक ने दिया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

भारत विकास परिषद शाखा भूना द्वारा वीरवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान थाना रोड से बस स्टैंड तक चला, जिसमें संस्था पदाधिकारी, नगर पालिका कर्मचारी, पुलिस विभाग और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष डॉ. दीपक बंसल ने की, जबकि भूना थाना प्रभारी ओम प्रकाश बिश्नोई स्वयं झाड़ू उठाकर सफाई करते नजर आए। सुबह 8 बजे थाना परिसर से शुरू हुए इस अभियान में सडक़ किनारे झाड़ू लगाई गई और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर पालिका सचिव दीपक कुमार व भूप सिंह की अगुवाई में पालिका कर्मचारियों ने परिषद सदस्यों के साथ मिलकर सफाई अभियान को सफल बनाया। सचिव दीपक कुमार ने कहा कि नगर पालिका अपनी जिम्मेदारी निभा रही है, लेकिन स्वच्छता बनाए रखने में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है।



**फतेहाबाद।** मार्केट कमेटी के नए चेयरमैन जगदीश जाखड़। *फोटो: हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस अभियान में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य नरेश शर्मा, एनएसएस प्रभारी राजकुमार सुथार व स्वयंसेवकों ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर भाविप क्षेत्रीय संगठन मंत्री जियालाल बंसल, शाखा सचिव सुनील कंबोज, डॉ. जितेंद्र तूर, एमएचसी सुरेश कुमार, एसआई रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## दुकान से 1.80 लाख की नगदी व तांबे की तार चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

शहर में लगातार हो रही चोरी, छीना झपटी व लूटपाट की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। चोर बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। बुधवार शाम राम कालोनी में लूट की वारदात को अंजाम दिया, वहीं रात्रि में चोरों ने शहर के स्काऊट चौक के निकट सत्यम इंटरप्राइजिज को निशाना बनाया। चोर करीब पौने दो लाख रुपये की नगदी और लाखों रुपये की तांबा तार व स्क्रेप चुरा ले गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

#### लूट के विरोध में वकीलों का नो वर्क डे

बरनाला रोड स्थित राम कालोनी निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता विजय बांसल के घर पर हुई लूट की वारदात के विरोध स्वरूप वकीलों ने गुरुवार को नो वर्क डे रखा और रोष जाहिर किया।

## लाखों की गांजा, अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित तस्कर काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान को एक और सफलता मिली है। सीआईए स्टाफ फतेहाबाद की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कमर्शियल मात्रा में गांजा, एक 32 बोर की अवैध पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस तथा तस्करी में प्रयुक्त कार के साथ एक शातिर तस्कर को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राकेश उर्फ राका पुत्र चन्द्रपाल निवासी खेत ढाणी, शिव आश्रम के पास, भट्टूकलां के रूप में हुई है।

**सीआईए फतेहाबाद पुलिस की बड़ी कामयाबी**



**फतेहाबाद।** भारी मात्रा में गांजा सहित गिरफ्तार युवक। *फोटो: हरिभूमि*

## विदेश भेजने के नाम पर लाखों ठगे

- पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

विदेश भेजने का झांसा देकर लाखों की रकम ऐंठने के मामले में कार्रवाई करते हुए इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान साहिल पुत्र रमेश कुमार निवासी बनवाली सोतर हाल गुरुनानकपुरा मोहल्ला फतेहाबाद के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर फतेहाबाद में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इकोनॉमिक सेल प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने अंकित पुत्र औमप्रकाश निवासी फूलां, जिला फतेहाबाद की शिकायत पर केस दर्ज किया था।



**फतेहाबाद।** विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी का आरोपी।

#### शिकायतकर्ता का आरोप

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि साहिल पुत्र रमेश कुमार निवासी बनवाली सोतर, हाल गुरुनानकपुरा मोहल्ला फतेहाबाद व उसकी पत्नी गगन ने उसे सिंगापुर भेजने का झांसा दिया और किस्तों में करीब 5 लाख की राशि वसूल ली। शिकायत की जांच में आरोप सही पाए जाने पर थाना शहर फतेहाबाद में धारा 316(2), 318(4), 61(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

**अभियान** डीएमसी ने शहर में जांची सफाई व्यवस्था, खुद सड़कों पर की सफाई

## कचरा उठाने के लिए चलेंगी 30 गाड़ियां खूले में कूड़ा डालने वालों पर लगेगा जुर्माना

*दुकानदारों को बेहतर तरीके से सफाई व्यवस्था रखने के दिए निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

डीएमसी संजय बिश्नोई ने शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। गुरूवार सुबह डीएमसी संजय बिश्नोई के नेतृत्व में नगर परिषद प्रशासन की ओर से सुबह-सुबह सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई ने स्वयं सफाई का निरीक्षण किया। जिन दुकानों के आगे गंदगी मिली, उन दुकानदारों को बेहतर तरीके से सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिए। डीएमसी संजय बिश्नोई ने कहा कि जल्द ही शहर में 30 गाड़ियों एजेंसी की ओर से कूड़ा उठाने के लिए चलेंगी। इसके बाद अगर कोई खुले में कूड़ा डालेगा तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



**फतेहाबाद।** शहर में झाडू लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश देते डीएमसी संजय बिश्नोई। *फोटो: हरिभूमि*

#### खाली प्लाटों में न डाले कचरा

गुरूवार को डीएमसी के नेतृत्व में नगर परिषद की टीम सुबह-सुबह भट्टू रोड पर निकली। इस दौरान सफाईकर्मी भी साथ रहे। जहां भी गंदगी मिली उसे साफ करवाया गया। साथ ही दुकानों के बाहर सफाई के हालात भी देख गए। डीएमसी ने दुकानों की छतों पर जाकर भी सफाई व्यवस्था जांची। डीएमसी को इस दौरान खाली प्लॉटों में भी गंदगी डली हुई मिली। डीएमसी ने कहा कि प्लॉट मालिकों को भी यह ध्यान देना चाहिए कि उनके प्लॉटों में गंदगी न फैले। इससे शहर को साफ-सुथरा बनाने में दिक्कत आएगी। डीएमसी ने चेतावनी देते हुए कहा कि शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## मार्केट कमेटी के नए चेयरमैन बने जगदीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद मार्केट कमेटी के चेयरमैन पद पर जगदीश जाखड़ की नियुक्ति की गई है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के व्यापारियों और किसानों में खुशी और उम्मीद का माहौल है। लोग अब कमेटी से बेहतर कार्यप्रणाली और पारदर्शिता की उम्मीद कर रहे हैं। नवनियुक्त चेयरमैन जगदीश जाखड़ ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह सभी के सहयोग से कमेटी के कार्यों में सुधार लाएंगे और किसानों व व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करेंगे। जाखड़ ने आगे कहा, हमारा प्रयास रहेगा कि मार्केट कमेटी को एक आदर्श संस्था के रूप में स्थापित किया जाए।

**ईमानदारी से काम करने का लिया संकल्प**



मार्केट कमेटी के नए चेयरमैन जगदीश जाखड़।

## दौलतपुर में तीसरे कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाई ताकत

# युवाओं को नशे से दूर करने के लिए सहायक साबित हो रहे खेल : भवानी

- अनेक गांवों से सैंकड़ों की संख्या में खेलप्रेमी पहुंचे
- पहलवानों से प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

श्री दादी मसानी केसरी कुश्ती अखाड़ा एवं दौलतपुरिया स्पोर्ट्स क्लब फतेहाबाद द्वारा गांव दौलतपुर में तीसरा विशाल कुश्ती दंगल एवं मेले का आयोजन किया गया। इस कुश्ती दंगल की खास बात यह रही कि इसमें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवानों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था।

इन पहलवानों की कुश्तियां देखने के लिए गांव दौलतपुर ही नहीं फतेहाबाद व आसपास के अनेक गांवों से सैंकड़ों की संख्या में खेलप्रेमी पहुंचे और खिलाडियों का उत्साह बढ़ाया। कई जगहों से आए पहलवानों ने अपनी ताकत और तकनीक का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कुश्ती दंगल में महिला पहलवानों ने भी अपना दमखम दिखाया। कुश्ती दंगल का शुभारंभ बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने किया।



फतेहाबाद। दौलतपुर में आयोजित कुश्ती दंगल में पहलवानों को प्रोत्साहित करते भवानी सिंह। फोटो : हरिभूमि

### खिलाड़ियों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि भवानी सिंह ने कहा कि आज का यह आयोजन हमारी प्राचीन परंपरा और भारतीय लोक संस्कृति का एक अभिन्न अंग है। इस प्रकार के खेल युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराई से दूर करने में काफी सहायक है। उन्होंने युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को इन खिलाडियों से सबक सिखते हुए खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। खेलों से न शारीरिक विकास होता है बल्कि मानसिक विकास के साथ आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। खेलों से जुडक़र युवा नशे से दूर हो सकते हैं और समाज के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए उन्होंने आयोजकों को बधाई दी और कहा कि महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट का भी प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं अधिक से अधिक आयोजित की जाएं ताकि नशामुक्त समाज का सपना साकार हो सके। उन्होंने कुश्ती दंगल में विजेता रहे पहलवानों को बधाई दी और सम्मानित भी किया। अंत में स्पोर्ट्स क्लब द्वारा मुख्यअतिथि भवानी सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के उपप्रधान प्रमोद कुमार, गुरदीप सिंह, अशोक कुमार, मनोज, अमन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मुख्य अतिथियों का किया स्वागत

भवानी सिंह ने खिलाडि़यों से परिचय कर उनसे खेल को खेल भावना से खेलने की बात कही। इस कुश्ती दंग में 20, 24, 26, 30, 40, 50, 60, 70 व 70 प्लस भार वर्ग के मुकाबले करवाए गए। कार्यक्रम में विशेष तौर पर सरपंच संजय वर्मा, प्रदीप बराड़, मनोज चोपड़ा, सतीश गढ़वाल, मुकेश बराड़, सुरेश सामरिया, साहिल सामरिया, अमित सामरिया, अशोक पहलवान, डॉ. विक्रम बराड़, सुनील सक्सेना सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सरपंच संजय वर्मा व दौलतपुरिया स्पोटर्स क्लब के प्रधान एवं फतेहाबाद केसरी सज्जन पहलवान ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।

# रामलीला के तीसरे दिन सीता स्वयंवर का किया दिव्य मंचन

- भगवान राम, लक्ष्मण और मुनि विश्वामित्र के जनकपुरी आगमन से लेकर धनुष भंग तक की घटनाओं को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भूना

रामा कृष्णा कला मंच भूना द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन सीता स्वयंवर का दिव्य मंचन किया गया। मंचन में भगवान राम, लक्ष्मण और मुनि विश्वामित्र के जनकपुरी आगमन से लेकर धनुष भंग तक की घटनाओं को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया। लीला में दिखाया गया कि राक्षसों का वध करने के बाद गुरु विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को जनकपुरी लेकर आते हैं, जहां राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता का स्वयंवर रचा है। शर्त होती है कि जो शिव के धनुष को तोड़ेगा, वही सीता से विवाह कर सकेगा। कई राजाओं के असफल प्रयासों के बाद राजा जनक व्यथित हो जाते हैं और सभा को खाली करने का आदेश दे देते हैं।



भूना। रामलीला महोत्सव के तीसरे दिन रामलीला मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### कलाकारों ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया

इस दृश्य में लक्ष्मण और राजा जनक के बीच संवाद ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। राम के समझाने पर लक्ष्मण शांत होते हैं। इसके बाद गुरु विश्वामित्र के कहने पर श्रीराम धनुष उठाकर तोड़ देते हैं और सीता उन्हें वरमाला पहनाती हैं। धनुष टूटते ही क्रोधित होकर परशुराम प्रकट होते हैं और राम से उनका संवाद तथा लक्ष्मण के कटाक्षों ने पूरे पंडाल में उत्साह भर दिया। राम का मिथिलापुरी बाजार में भ्रमण और सीता की सखियों का नृत्य दर्शकों को खूब पसंद आया। रांडा नरेश के रूप में श्यामलाल कंबोज और उनकी मंडली की हास्य प्रस्तुति ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एससी आयोग के चेयरमैन रविंद्र सिंह बलियाला ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसी रामलीलाएं हमारी संस्कृति की जड़ें मजबूत करती हैं।

## प्रदेश में बढ़ते अपराधों को लेकर सांसद सैलजा ने जताई चिंता

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में तेजी से बढ़ते अपराधों की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में हरियाणा देश में सबसे ऊपर है और हत्या, लूट व नशे के मामलों में भी आंकड़े चिंताजनक हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में हरियाणा देश में सबसे ऊपर है और हत्या, लूट व नशे के मामलों में भी आंकड़े चिंताजनक हैं। सैलजा ने वीरवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा कि एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) के ताजा आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि हरियाणा अपराध के मामलों में लगातार शीर्ष राज्यों में गिना जा रहा है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में हरियाणा देश में सबसे ऊपर है और हत्या, लूट व नशे के मामलों में भी आंकड़े चिंताजनक हैं। सिरसा के राम कॉलोनी में दिनदहाड़े वकील के घर हुई करीब 15 लाख रुपये की लूट की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि यह घटना सिरसा जैसे शांत इलाके के लिए अत्यंत ही चिंताजनक है।

# दुर्गा महोत्सव में माता की महिमा का किया गुणगान



फतेहाबाद। दुर्गा महोत्सव में भजनों पर नाचते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

- गायिका साक्षी ने मां की भेंटें गाकर माहौल भक्तिमय बनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

'मेरी मैया दा द्वारा सारे जग तों प्यारा होगी बल्ले बल्ले, तैनु किथे मैं बिठावां शेरावालिए नी घर मेरा निका जेहा, तेरियां उडीकां दातिये, सिंदूर लगाने से सब काम होता है हनुमान को रिझाना आसान होता है जैसे भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। मौका था लाजपत नगर में चल रहे नौ दिवसीय दुर्गा महोत्सव का। महोत्सव के तीसरे दिन भजन गायिका साक्षी शर्मा ने अपने भजनों से मां की भेंटें गाकर माहौल भक्तिमय बना दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। बता दें कि लाजपत नगर में पिछले 9 वर्षों से हर वर्ष दुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी दुर्गा महोत्सव का आयोजन किया गया है जिसके तहत तीसरे दिन भजन गायिका साक्षी शर्मा ने माता की भेटें गाकर माहौल भक्तिमय बना दिया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर क्लब प्रधान लक्की झंडई, भारत नारंग, जोनी झंडई, जीतू जग्गा, योगेश नारंग, गुलशन आनंद, संजय झंडई, हैप्पी मुंजाल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान जंडवाला बिश्नोइया क्षेत्र से एक युवक को अवैध पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि पुलिस टीम बस अड्डा कालूआना माइनर पुल पर एक युवक अपने हाथ में एक थैला लिए खड़ा दिखाई दिया। युवक ने सामने से आ रही पुलिस की गाड़ी को देखकर मौके से खिसकने का प्रयास किया। पुलिस ने शक के आधार पर युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से अवैध पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### पुलिस ने छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने 6 आरोपियों को काबू किया है। उन्होंने बताया कि एनआई एक्ट के तहत वांछित चल रहे 6 भगोड़ों सतनाम सिंह चौक निवासी आरोपी कर्ण सिंह, वेदवाला निवासी राखी, चौटाला निवासी राकेश कुमार, कल्याण नगर निवासी लवप्रीत, मौजुखेड़ा निवासी जगसीर व संतनगर निवासी मनधीर सिंह को गिरफ्तार किया है।

### साइबर धोखाधड़ी मामले में आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** साइबर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर फतेहाबाद पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने साइबर धोखाधड़ी मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को नूंह, मेवात से गिरफ्तार किया है। साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी उपनिरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि भगवान दास निवासी धारनिया ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

# चौधरी देवीलाल व्यक्ति नहीं बल्कि संस्था : चौटाला

- सिरसा में चौ. देवीलाल जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल एक व्यक्ति न होकर संस्था थे जिनसे मूल्य और आदर्श लिए जाते हैं। अजय चौटाला गुरुवार को चौधरी देवीलाल की जयंती पर सिरसा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल ने न केवल किसी विशेष वर्ग को बल्कि समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित करने के लिए कार्य किए। इसमें सर्वप्रमुख बुजुर्गों के लिए सामाजिक सम्मान पेंशन लागू कर देश में एक नई पहल की जिसे आज देश के सभी राज्य अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपरोक्त के अलावा बहुत सारी जनहित की नीतियां, उन द्वारा लागू की गई थी, वे आज भी सभी सरकारों के लिए नज़ीर बनी हुई हैं। देश के विभिन्न राज्यों में उन्हीं की कल्याणकारी योजनाओं को नाम बदलकर लागू किया जा रहा है। डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जननायक जनता पार्टी भी उनके आदर्शों व सिद्धांतों के अनुरूप जनकल्याण के कार्यों में जुटी है। इसी कड़ी में उन्होंने अपने आवास के समक्ष चौधरी देवीलाल सामुदायिक पार्क में भी ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उल्लेखनीय है कि चौधरी देवीलाल की 112वीं जयंती पर जेजेपी की ओर से प्रदेशभर में 112 सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिसमें सिरसा शहर के साथ-साथ सभी हलकों में भी उनके जयंती पर हवन, माल्यार्पण व अन्य सामाजिक कार्य किए गए। इस मौके पर जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, राधेश्याम शर्मा ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने कमेरे, किसान व पिछड़ा वर्ग के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जिससे ये वर्ग आज भी लाभान्वित हैं।



सिरसा। चौ. देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते अजय चौटाला व अन्य पार्टी पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### चौ. देवीलाल जयंती पर हवन यज्ञ का आयोजन

भारत के पूर्व उप-प्रधानमंत्री जननायक चौधरी देवीलाल की जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक सरोकार से जुड़ी शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन सीडीएलयू प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुसार हवन यज्ञ में आहुति देते हुए किया गया। इस मौके पर सीडीएलयू के शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रोफेसर सुरेश गहलावत ने कहा कि चौधरी देवीलाल के विचारों की प्रासंगिकता आज भी है।

### राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के जन्म का हुआ मनमोहक मंचन

**सिरसा।** श्री रामा क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री रामलीला में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न के जन्म का मनमोहक मंचन किया गया। राजा दशरथ के चारों बच्चों के जन्म पर पंडाल जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा। बाल्यकाल के राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न की भूमिका क्रमशः सुफियान वधवा, लव गाबा, श्रवस खुंगर व हेयान मेहता ने निभाई। श्री रामलीला के मंचन से पहले भगवान भोलेनाथ की प्रार्थना एवं भगवान विष्णु की आरती पूजा की। कलाकारों ने गुलशन वधवा द्वारा लिखित हीर की प्रस्तुति दी। देवी देवताओं की प्रार्थना पर भगवान विष्णु ने उन्हें रावण के अत्याचारों से मुक्ति का आश्वासन दिया।

### क्विज में अमित व पेंटिंग में पूर्वा प्रथम

**सिरसा।** वन विभाग द्वारा एक अक्टूबर से सात अक्टूबर तक वन्य जीव सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा, जिसके तहत वीरवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेगू रोड सिरसा में इको क्विज व पेंटिंग कंपीटिशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने वन्य जीव सुरक्षा से जुड़े विभिन्न सवालों के जवाब दिए और वन्य जीव संरक्षण की अपील की। इसके बाद प्रतियोगिताओं के नतीजे घोषित किए गए, जिसमें इको क्विज में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुडियाखेड़ा के कक्षा 11 से अमित प्रथम, अन्नु द्वितीय तथा राजकीय हाई स्कूल माखोसरानी के कक्षा 9 से माफिया तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार पेंटिंग प्रतियोगिता में राजेंद्रा पब्लिक स्कूल पंजुआना के कक्षा 8वीं से पूर्वा सुथार प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेला ग्राउंड सिरसा से जानवी द्वितीय तथा राजकीय मिडिल स्कूल मुसाहिबवाला के कक्षा 7वीं से मनन तृतीय स्थान पर रहे। विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में वन्य प्राणी निरीक्षक रामकेश ने विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की गहरी समझ देती हैं। उन्होंने बताया कि आज की युवा पीढ़ी को पेड़-पौधों, वन्य जीवों और प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने के प्रति सजग होना चाहिए।




सिरसा। प्रतियोगिता में एक प्रतिभागी द्वारा मनाई गई पेंटिंग।

# युवा किसी भी देश की रीड : मल्होत्रा

- सीडीएलयू में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज पर तीन दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में विश्वविद्यालय के यूनिवर्सल हुमन वैल्यूज सेल, डीएसडब्ल्यू, यूकोप तथा एआईसीटीई के बैनर तले यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज़ विषय पर तीन दिवसीय स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ गुरुवार को विश्वविद्यालय के टैगोर भवन के एक्सटेंशन हाल में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के जाने माने समाज सेवी डॉ. सुरेंद्र मल्होत्रा द्वारा किया गया।



सिरसा। सीडीएलयू में आयोजित कार्यक्रम मेहमानों को स्मृति चिहन भेंट करते।

### मानव मूल्यों का संरक्षण ही सच्ची शिक्षा का आधार

*डा. सुरेंद्र मल्होत्रा ने कहा कि युवा किसी भी देश की रीड की हड्डी होते हैं। आज के बदलते सामाजिक और शैक्षणिक परिदृश्य में मानव मूल्यों का संरक्षण और संवर्धन ही सच्ची शिक्षा का आधार है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में मानवता, सत्यनिष्ठा और सहिष्णुता जैसे गुणों का संचार होगा तो समाज स्वतः ही समृद्धि और शांति की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने अपने जीवन से संबंधित अनेक जीवंत उदाहरण देकर विद्यार्थियों को निडरता से मुश्किलों का सामना करने के लिए प्रेरित किया और शिक्षा के मानवीय मूल्यों के समावेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय संस्कृति को विश्व की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति बताया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में जागरूकता फैलाने का काम करते हैं।*

### सीडीएलयू में मशीन विजन पर अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के आईक्यूएसी द्वारा मशीन विजन-फ्रॉम बेसिक्स टू ब्रेकथ्रू एप्लीकेशंस विषय पर गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर देश-विदेश से विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों सहित 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक एवं आईक्यूएसी निदेशक प्रो. राजकुमार कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार के नेतृत्व एवं कुलसचिव डॉ सुनील कुमार के सतत सहयोग से यह आयोजन किया गया।

## आदेश की पालना से बढ़ेगी सुरक्षा, पुलिस करेगी कड़ी निगरानी

# होटलों का पंजीकरण व मेहमानों का डाटा अपडेट अनिवार्य

- संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा प्रदेश में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिले के सभी होटल, लॉज, गेस्ट हाउस संचालकों को सख्त आदेश दिया है कि वे तुरंत हरियाणा पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर अपने संस्थान का पंजीकरण कराएं और प्रतिदिन अपने यहां ठहरने वाले प्रत्येक मेहमान का डाटा अपडेट करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है। इस संबंध में सभी प्रबंधक अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे इस नियम के कड़ाई से पालन को सुनिश्चित करें। किसी भी होटल या लॉज द्वारा नियमों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने बताया कि यह कदम जनसुरक्षा बढ़ाने, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा प्रदेश में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है। ऑनलाइन रिकॉर्ड उपलब्ध होने से पुलिस को किसी भी अपराध की त्वरित पहचान और कार्रवाई में सहायता मिलेगी, जिससे असामाजिक तत्वों की गतिविधियाँ प्रभावी रूप से रोकी जा सकेंगी।



एसपी सिद्धांत जैन

### पुलिस अधीक्षक ने दी चेतावनी

एसपी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी होटल, लॉज या गेस्ट हाउस इस आदेश का उल्लंघन करता है अर्थात रजिस्ट्रेशन नहीं करवाता या डाटा अपडेट नहीं करता तो उसके विरुद्ध संबंधित कानूनों के तहत कड़ी और त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इसमें भारी जुर्माना, लाइसेंस की अवधि में कटौती या रद्द करना व अन्य कानूनी कार्रवाई शामिल हैं। पुलिस विभाग किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं करेगा और ऐसे मामलों में सख्ती बरतेगा।

### नियमों की पालना करना अनिवार्य

एसपी ने कहा कि सभी होटल मालिक वेबसाइट पर जाकर अपने होटल का पंजीकरण अवश्य कराएं। प्रक्रिया बेहद सरल और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाई गई है, ताकि किसी प्रकार की तकनीकी समस्या न आए। पंजीकरण के बाद साइन इन पर क्लिक कर अपना मोबाइल नंबर दर्ज करें। प्राप्त ओटीपी के जरिए लॉगिन कर, दैनिक आधार पर होटल में ठहरने वाले सभी मेहमानों की जानकारी अपडेट करें। इस प्रक्रिया की सहायता के लिए एक स्टेप-बाय-स्टेप गाइड पीडीएफ में उपलब्ध है, जिसका पालन करना अनिवार्य है।

### पर्यावरण संरक्षण विषय पर इंटर कॉलेज प्रतियोगिता आयोजित



सिरसा। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में वीरवार को इंटर कॉलेज क्विज एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। साथ ही महाविद्यालय स्तर पर बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी विशेष प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पर्यावरणीय समस्याओं, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण तथा प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी बौद्धिक क्षमता और त्वरित निर्णय लेने की योग्यता का परिचय दिया जिसमें शाह सतनाम जी गर्ल्ज कॉलेज से छात्रा दीपिका, रितिका, सिमरन ने प्रथम, सीएमके नेशनल पीजी कॉलेज की छात्रा सोनाली, कविता, आरजू ने द्वितीय व राजकीय नेशनल महाविद्यालय, सिरसा के विद्यार्थी आस्था, स्नेहा, हर्षदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### ट्रस्ट ने की स्टडी प्वाइंट लाइब्रेरी की स्थापना

**सिरसा।** बेगू रोड स्थित सूर्या होटल वाली गली में भाईचारा सेवा ट्रस्ट की ओर से स्टडी प्वाइंट नामक एक लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। प्रदेश युवा कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहित शर्मा ने बीते दिवस लाइब्रेरी का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मोहित ने कहा कि शिक्षा विभिन्न विषयों में ज्ञान प्रदान करती है, जिससे हम दुनिया को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। शिक्षा व्यक्तित्व विकास में मदद करती है, आत्मविश्वास बढ़ाती है और निर्णय लेने की क्षमता को सुधारती है। शर्मा ने कहा कि अच्छी शिक्षा बेहतर नौकरी के अवसर प्रदान करती है और करियर में उन्नति के रास्ते खोलती है। शिक्षा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद करती है, वही सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करती है।

**बेदखली सूचना**

मैं देवेन्द्र पुत्र रविचन्द्र निवासी गांव पेटवाड़, तहसील नारनौंद, जिला हिसार ब्यान करता हूं कि मेरा बड़ा लड़का सत्यप्रकाश व उसकी पत्नी पिंकी व उनके बच्चे मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं इन सब को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन सबसे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शपथकर्ता

## पंचायत मंत्री पंवार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे, नागरिक अस्पताल के नवीनीकरण का भी शुभारंभ

लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगी

# फतेहाबाद की 25,000 महिलाओं को मिलेगा दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ : कृष्ण लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को पंचकूला से महत्वाकांक्षी लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला फतेहाबाद में तीनों विधानसभा क्षेत्रों फतेहाबाद, टोहाना व रतिया में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने लगभग 7 करोड़ रुपये की राशि से नागरिक अस्पताल के भवन के नवीनीकरण कार्य का भी उद्घाटन किया। रतिया में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल और टोहाना में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली ने शिरकत की।

■ पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल और टोहाना में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली ने शिरकत की

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने इस योजना को महिलाओं के जीवन में बदलाव लाने वाला कदम बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये देने का वायदा किया था, जिसे आज पूर्ण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह योजना चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही है और आज के शुभारंभ अवसर पर जिला फतेहाबाद की 25 हजार महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। पंचायत मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार व भाजपा संगठन जनता से किए गए वादों को निभाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।


फतेहाबाद। जिला नागरिक अस्पताल के भवन के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार। फोटो : हरिभूमि

### संकल्प पत्र के वायदे का पूरा किया

पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि चुनाव के समय संकल्प पत्र में जो वायदे किए थे, सरकार अपने उस हर वायदे को चरणबद्ध तरीके से पूरा कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने जिला के कुछ गांवों में सेम की समस्या बारे कैबिनेट मंत्री को अवगत भी करवाया। कार्यक्रम में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री का उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यक्रम अभियान के दौरान नागरिक अस्पताल में लगे मेगा हेल्थ कैंप का शुभारंभ कर विभाग की तरफ से लगाई गई हेल्थ चेकअप स्टॉलों का अवलोकन कर लाभार्थियों को नजर के चश्मे भी वितरित किए गए।

### पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल बोलीं

## महिलाओं की सहायता करने और सशक्त बनाने की योजना


रतिया। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल। फोटो : हरिभूमि

रतिया। उपमंडल स्तर पर नागरिक अस्पताल के प्रांगण में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने शिरकत की। सुनीता दुग्गल व एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, क्रीड आदि विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण किया और स्टालों में पहुंचने वाली महिलाओं व अन्य आमजन के स्वास्थ्य की जांच कर फ्री में चैकअप कर दवाईयां वितरित की गई। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने नवरात्रों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार महिलाओं की सहायता करने और सशक्त बनाने के लिए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना नामक एक सामाजिक सुरक्षा योजना शुरू की है। दुग्गल ने सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों पर विस्तृत चर्चा की और कहा कि इस सुधार से उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा, महंगाई पर अंकुश लगेगा और त्योहारों के सीजन में आम जनता को राहत मिलेगी। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन डॉ. भरत सिंह सहारण, तहसील कल्याण अधिकारी कंवल सिंह, शहरी मंडल अध्यक्ष अंकित सिंगला, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य सुनील इंदौरा, मार्किट कमेटी प्रधान धर्मपाल शर्मा, उप चेयरमैन कुलवंत सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पूर्व मंत्री बबली टोहाना में रहे

## आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल


टोहाना। नागरिक अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

महिलाओं के सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ आज पंचकूला से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नागरिक अस्पताल टोहाना में किया गया, जहाँ उपमंडल स्तर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली शामिल हुए। पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली तथा एसडीएम आकाश शर्मा ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और स्टालों पर उपस्थित नागरिकों से संवाद भी किया।

■ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम का सीध प्रसारण किया गया

### समाज को नई दिशा देने का काम करेगी लाडो लक्ष्मी योजना

पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता देने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को समाज में आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। इस अवसर पर नगर परिषद चेयरमैन नरेश बांसल, एसएमओ डॉ. कुनाल वर्मा, चेयरमेन टोहाना मार्केट कमेटी जगजीत हुड्डा, जिला महामंत्री विकास ललोदा, जिला उपाध्यक्ष संजय रेवड़ी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रवीण गिल, रमेश गोयल,जिला सचिव साकेत गर्ग, रामदेव भारद्वाज, मनोनीत पार्षद सुभाष गर्ग, नरेश भाटिया, अमित भाटिया, रोशन लाल, राकेश मस्तु, केशव बंसल, डॉ. हिम्मत गिल, जिला पार्षद अनूप, जयभगवान काका सैनी, सुरेन्द्र सैनी, अनिल सैनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व आमजन

### स्टॉल लगाकर दी योजनाओं की जानकारी

इन स्टालों के माध्यम से लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों तथा महिलाओं और बच्चों से जुड़ी विशेष योजनाओं की जानकारी दी गई। स्टॉलों पर सैकड़ों की तादाद में महिलाओं जानकारी लेने के लिए पहुंची।

### कैबिनेट मंत्री पंवार ने जीएसटी सुधारों के बारे लोगों को किया जागरूक



फतेहाबाद। प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने वीरवार को राज्य में लागू नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉम्र्स के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए शहर फतेहाबाद के विभिन्न प्रतिष्ठानों का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जीएसटी दरों में हाल ही में की गई कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि बचत उत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक महत्वपूर्ण अभियान है, जिसका उद्देश्य देश के हर नागरिक को जीएसटी सुधारों का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हर वर्ग को इस ऐतिहासिक कर सुधार से फायदा हो। यह बचत उत्सव सरकार की आम जनता और किसानों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दौरे की शुरुआत भट्टू रोड पर बने इलेक्ट्रॉनिक शो रूम से हुई, जहां कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने उत्पादों पर नई और पुरानी जीएसटी दरों को प्रदर्शित करने वाले साइन बोर्ड का भी अवलोकन किया। उन्होंने वहां मौजूद ग्राहकों से बातचीत की और उन्हें सरकार द्वारा किए गए नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉम्र्स के बारे में जानकारी दी, जिससे रोजमर्रा की वस्तुएं और टिकाऊ सामान सस्ते हो गए हैं। उन्होंने ग्राहकों को इस बचत का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### नागरिक अस्पताल में शुभारंभ, महिलाओं की भागीदारी का उत्सव

## महिला सशक्तिकरण को और मजबूती प्रदान करेगी लाडो लक्ष्मी : बराला

दीनदयाल उपाध्याय की सोच को साकार कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की सोच को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं।

इसी सोच को साकार रूप देते हुए आज दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत की गई है, जो महिला सशक्तिकरण को और मजबूत करने का काम करेगी। सुभाष बराला गुरुवार को सिरसा के नागरिक अस्पताल में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के शुभारंभ अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।


सिरसा। नागरिक अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते राज्यसभा सांसद सुभाष बराला।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया। नागरिक अस्पताल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को कार्ड भी वितरित किए गए। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### नवरात्र में तोहफा

सांसद बराला ने कहा कि भारतीय संस्कृति सबसे प्राचीन व श्रेष्ठ संस्कृति है, जिसमें नारी को पूजनीय माना गया है। नवरात्रों के अवसर पर हरियाणा सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत कर माताओं व बेटियों को बड़ा सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि जिस समाज व देश में महिलाओं का सम्मान होता है, वह देश व समाज सशक्त रूप से आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में महिलाओं की आवश्यकताओं व आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाकर क्रियान्वित की जा रही है।

### खबर संक्षेप

#### मेधावी विद्यार्थियों को टूल किट वितरित

फतेहाबाद। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 75 मेधावी विद्यार्थियों को टूल किट वितरित की गई। टूल किट वितरण समारोह में राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, धांगड़ के मैकेनिकल इंजीनियर विभागाध्यक्ष इंजीनियर सुभाष भोरिया बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि टूल किट वितरण करना सरकार की अच्छी योजना है।

#### राजकीय महिला कॉलेज में लगा नेत्र जांच शिविर

फतेहाबाद। चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में वीरवार को आईक्यू हॉस्पिटल, फतेहाबाद की तरफ से आई चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में नेत्र विशेषज्ञ टीम के द्वारा छात्राओं की आंखों की जांच की गई। आई चेकअप कैंप में डॉ. अंकिता ने छात्राओं को सामान्य जानकारी देते हुए आंखों से संबंधित बीमारियों के बारे में बताया और बचने के लिए सुझाव भी दिए। आंखों की बीमारियों से बचने के लिए पौष्टिक आहार लेना जरूरी है।

### धर्मपाल चेयरमैन कुलवंत वाइस चेयरमैन बने

रतिया। हरियाणा सरकार द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मपाल शर्मा को मार्किट कमेटी का चेयरमैन व कुलवंत सैनी को वाइस चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। सरकार द्वार चेयरमैन नियुक्त करने पर रतिया उनके समर्थकों ने भाजपा के मंडल अध्यक्ष अंकित सिंगला के प्रतिष्ठान पर दोनों प्रतिनिधियों को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। नवनियुक्त चेयरमैन धर्मपाल शर्मा और वाइस चेयरमैन कुलवंत सैनी ने अपनी नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। नवनियुक्त चेयरमैन धर्मपाल शर्मा ने कहा कि सरकार की नीतियों के तहत किसानों, व्यापारियों को किसी भी तरह की कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी। अनाजमंडी की सफाई व्यवस्था और मंडी में अंधेरा न रहे, इसके लिए बिजली लाइटों की व्यवस्था बेहतरीन की जाएगी। मंडी में फसल लेकर आने वाले किसानों को फायदा मिलेगा।

■ भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री को सराहा

### छात्राओं में दिखा उत्साह

## मुख्त्यार सिंह मैमोरियल कॉलेज में एनसीसी चयन प्रक्रिया संपन्न

फतेहाबाद। गांव बहबलपुर स्थित मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज में 3 हरियाणा गर्ल्ज बटालियन एनसीसी हिसार के कमांडिंग ऑफिसर ज्ञान प्रकाश पांडे के निर्देशानुसार आज एनसीसी चयन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। चयन प्रक्रिया के दौरान छात्राओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ. हरमिन्दर सिंह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और कहा कि एनसीसी से जुडऩे से युवाओं को कई लाभ मिलते हैं। उन्होंने बताया कि एनसीसी कैडेट्स को पुलिस, अर्धसैनिक बलों और सशस्त्र सेनाओं में चयन के समय विशेष छूट मिलती है। साथ ही एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, देशभक्ति और समाज सेवा की भावना विकसित करती है।


फतेहाबाद। एनसीसी चयन प्रक्रिया में भाग लेती छात्रा। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ विरोध में

## सरकारी स्कूलों को सरकार द्वारा पार्टी के प्रचार का माध्यम बनाना चिंता का विषय

फतेहाबाद में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते भाजपा नेता।



फतेहाबाद। भाजपा सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को अपनी पार्टी के प्रचार का माध्यम बनाने पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए इस तरह के कार्यक्रमों को तुरंत बंद करने की मांग की है। अध्यापक संघ के राज्य उपमहासचिव कृष्ण नैन, राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद, फतेहाबाद जिला प्रधान राजपाल मिताथल व सचिव देसराज माचरा ने संयुक्त ब्यान जारी कर कहा कि भारत का संविधान शिक्षा को राज्य का दायित्व मानते हुए इसे समान, वैज्ञानिक और निरपेक्ष दृष्टि से देने की बात करता है, किंतु वर्तमान में सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को अपनी पार्टी के प्रचार का माध्यम बनाना गंभीर चिंता का विषय है।

### संस्थानों का दुरुपयोग कर रही सरकार

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ इस पर कड़ा एतराज जताता है और स्पष्ट करना चाहता है कि यह संवैधानिक रूप से गलत है कि विद्यालय संविधान की धारा 28 के तहत धार्मिक/राजनीतिक प्रचार से मुक्त स्थान हैं। किसी भी राजनीतिक दल द्वारा शिक्षा संस्थानों का दुरुपयोग लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और विद्यार्थियों को राजनीतिक पार्टी के प्रचार का साधन बनाना शिक्षा की गरिमा के साथ विश्वासघात है। शिक्षा का मकसद बच्चों में आलोचनात्मक चेतना और निष्पक्षता पैदा करना है।

### कॉलेज में लगा इको फ्रेंडली डे लांग बाजार

सिरसा। राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा में इको-फ्रेंडली डे लांग बाजार का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराना और उन्हें पर्यावरण हितैषी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि इस डे लांग बाजार में विद्यार्थियों ने खाने पीने के सामान जैसे इडली, वडा पाव, मोठ चाट, भेलपुरी, सैंडविच, फ्रूट चाट, स्वीट कॉर्न के अलावा कपड़े के थैले, किताबें, जूट बैग, मिट्टी के बर्तन, बांस की वस्तुएं, सजावट का सामान, बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स, वेस्ट मेटीरियल से बना सामान और अन्य री-यूजेबल प्रोडक्ट्स के लगभग 40 से अधिक स्टाल लगाए गए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

### कार्यक्रम | विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों के बारे में दी जानकारी

## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

कार्यक्रम संयोजक रामबिलास शास्त्री ने स्वागत गीत से किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप शिक्षा अधिकारी अनीता रही। विद्यालय प्राचार्या अमिता सिंह व एनएसएस के जिला समन्वयक रोहताश द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों के एनएसएस कार्यक्रम संयोजकों सहित प्रकृति संरक्षण के सन्देश के साथ पौधा भेंट कर स्वागत किया। मंच संचालन कर रहे डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की एनएसएस इकाई के कार्यक्रम संयोजक रामबिलास शास्त्री ने स्वागत गीत के साथ उप शिक्षा अधिकारी अनीता का स्वागत किया। इसके बाद विद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने 'राष्ट्र सेवा की हो भावना, मैं नहीं अब हम कहें' गीत की भावमयी प्रस्तुति दी।


फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल में अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत करती प्राचार्या अमिता सिंह। फोटो : हरिभूमि

### समासेवा की भावना

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप शिक्षा अधिकारी अनीता ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों से परिपूर्ण बनाती है। उन्होंने विद्यालय के स्वयंसेवकों की समाजसेवा संबंधी गतिविधियों की सराहना करते हुए कार्यशाला में पहुंचे हुए कार्यक्रम संयोजकों से उन्हें निरंतर जनहित कार्यों में सक्रिय रहने का आह्वान किया। इस कार्यशाला में राज्य एनएसएस समन्वयक डॉ. दिनेश कुमार भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। उन्होंने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम संयोजकों को 57वें एनएसएस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनएसएस केवल एक योजना नहीं बल्कि युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की ओर अग्रसर करने का एक आंदोलन है। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और साक्षरता अभियान जैसे कार्यों में स्वयंसेवकों की भूमिका समाज के लिए प्रेरणादायी है।

### सशक्त माध्यम

जिला समन्वयक रोहताश ने एसएनओ डॉ. दिनेश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला फतेहाबाद की एनएसएस इकाइयाँ समाजहित में अपनी भूमिका और भी सशक्त ढंग से निभाएंगीं। कार्यक्रम के अंत में जिला एनएसएस की ओर से विद्यालय प्राचार्य अमिता सिंह को कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए पौधा देकर सम्मानित किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916